सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–15.05.2026 (शुक्रवार) को अमीन संघ के लंबित माँगों को लेकर उनके प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक की कार्यवाही :–

दिनांक–15.05.2026 (शुक्रवार) को सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में अमीन संघ के लंबित माँगों को लेकर उनके प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में निम्न माँगों पर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया :–

1. अमीनों को अपने जिला के आस पास के 03 (तीन) जिलों में स्थानांतरण के लिए विकल्प के साथ पोर्टल Live करने हेतु विभाग द्वारा अगले सप्ताह में कार्रवाई कर ली जाएगी। तदालोक में जून, 2026 में स्थानांतरण किया जाएगा।

2. वैसे अमीन जिनकी लगातार सेवा अवधि 02 वर्ष या उससे ऊपर हो गयी है, को सेवा संपुष्टि हेतु बिहार अमीन संवर्ग नियमावली, 2025 के कंडिका–11 में विहित शर्तों के अनुरूप सेवा संपुष्टि हेतु अविलम्ब कार्रवाई करने के संबंध में सभी समाहर्त्ता, बिहार को निदेश दिया जाएगा।

सेवा संपुष्टि हेतु बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) द्वारा आयोजित की जाने वाली कम्प्यूटर सक्षमता जाँच परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए Slot Book करने के संबंध में बिपार्ड से अनुरोध किया जाएगा।

3. अमीन का पदनाम परिवर्तित करते हुए सहायक राजस्व अधिकारी–तकनीकी करने के संबंध में कार्रवाई की जाएगी।

4. अमीन को क्षेत्र भ्रमण हेतु मासिक परिभ्रमण भत्ता एवं डिजिटल कार्य के लिए इंटरनेट भत्ता दिये जाने हेतु संचिका वित्त विभाग को भेजी जाएगी।

ह०/–
(जय सिंह)
सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार, पटना।

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक–4/क्षे० स्था० अमीन (विविध)–18–01/2025–170 (04)/रा०, दिनांक–18/05/2026

ई–मेल

प्रतिलिपि :–सभी समाहर्त्ता, बिहार/सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार/माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/अपर सचिव/उप सचिव/अवर सचिव/आई०टी० मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग/महामंत्री एवं अध्यक्ष बिहार राजस्व अमीन संघ Email. ID-biharrajaswaaminsangh@gmail.com) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रषित।

18/5/26

(डॉ० महेन्द्र पाल)
अपर सचिव

D:\sec 4 backup\Vikash\Rev. 2026\Procciding.docx 29